Total No. of printed pages: - 7

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

Atomic Energy Education Society

टर्म-1/आवधिक परीक्षा-2 2023-24 Term-I/PT-II Examination 2023 - 24

कक्षा /Class : 7 **अवधि / Duration : 90** मिनट

विषय / Subject : तृतीय भाषा हिंदी **अधिकतम अंक/ Maximum Marks :** 40

To be filled by the student

Unique Examination No: ____

Class /Sec.:____ Date of Examination: ________ Day of Examination: ________

Name of the School: ____

Invigilator's Sign: _____________________

To be filled by the teacher

Marks Obtained [ ] **Total Marks** [ ]

Examiner's Sign: ______________ Cross checker Sign: ____________________

Exam I/C sign: _________________

General Instructions:

- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**
- **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए |**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |**

प्र० 1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

कई वर्षों की कठिन यात्रा के बाद गारो लोग असम के मैदानी जंगलों में आ पहुँचे | कहा जाता है कि उनका पहला पड़ाव कुचविहार के वनों में हुआ | कुचविहार में उन दिनों असम के

राजा का अधिकार था | उसने गारो लोगों को आगे बढ़ने से रोक दिया | गारो लोग प्रारम्भ में ही शांतिप्रिय रहे हैं | उन्होंने लड़ाई का रास्ता नहीं अपनाया | जलिन पा और बुंगि पा ने असम के राजा से बातचीत करके उन्हें समझाया | असम का राजा उन्हें मार्ग देने के लिए सहमत हो गया | उसका विवाह एक गारो सुंदरी से करा दिया गया | इस तरह वातावरण मित्रतापूर्ण हो गया |

1. कई वर्षों की कठिन यात्रा के बाद गारो लोग कहाँ आ पहुँचे ?

2. गारो लोगों का पहला पड़ाव कहाँ हुआ तथा वहाँ पर किसका अधिकार था ?

3. गारो लोगों को आगे बढ़ने से किसने रोक दिया तथा किसके समझाने पर वह गारो लोगो को मार्ग देने के लिए सहमत हुआ ?

4. किस प्रकार वातावरण मित्रतापूर्ण हो गया ?

प्र० 2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1x4=4)

पेड़ों के संग बढ़ना सीखो ,

पेड़ों के संग खिलना

पेड़ों के संग-संग इतराना ,

पेड़ों के संग हिलना |

बच्चे और पेड़ दुनिया को

हरा-भरा रखते हैं

नहीं समझते जो , दुष्कर्मों

का वे फल चखते हैं |

आज सभ्यता वहशी बन ,

पेड़ों को काट रही है

जहर फेफड़ों में भरकर

हम सब को बाँट रही है |

1. पेड़ों के संग हमें क्या-क्या सीखना है ?

2. दुनिया को कौन हरा-भरा रखते हैं ?

3. दुष्कर्मों का फल कौन चखते हैं ?

4. आज सभ्यता वहशी बनकर क्या कर रही है और हमें क्या बाँट रही है ?

प्र० 3) निम्नलिखित में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (2x8=16)

1. चुरुगुन को कौन-कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं ?

2. कनक छोटे-छोटे शंखों की मालाएँ बनाकर क्यों बेचती थी ?

3. मंजरी ने कनक को अपना खिलौना क्यों दे दिया ?

4. हेडमास्टर साहब ने बच्चों को सरकस में जाने से क्यों मना कर दिया ?

5. बलदेव सर्कस में जाकर क्यों निराश हो गया ?

6. कवि बाग़-बगीचा क्यों लगाना चाहता है तथा कवि की क्या विनती है ?

7. गारो लोग एक स्थान पर क्यों बस जाना चाहते थे ?

8. जंगलों से हमें कौन-कौन सी चीज़े प्राप्त होती हैं ?

9. पाठ के आधार पर बताओ कि राजा को पुस्तकों से क्या खतरा था ?

10. बार-बार नष्ट करने की कोशिशों के बाद भी किताबें समाप्त क्यों नहीं हुई ?

प्र० 4) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए | **(16)**

1. उदाहरण के अनुसार वचन बदलो - (4x ½ =2)

	एकवचन	बहुवचन
उदाहरण -	घोंसला	घोंसले , घोंसलों
	(क) डाल	-------
	(ख) कली	---------
	(ग) बात	---------
	(घ) फल	---------

2. उदाहरण के अनुसार रिक्त स्थान भरो - (4x ½ =2)

उदाहरण - गुडिया जैसी सुन्दर

(क) दूध जैसा ------

(ख) हाथी जैसा ------

(ग) रूई जैसा -----

(घ) चीनी जैसा ------

3. विलोम शब्द लिखो - (4x ½ =2)

उदाहरण - सजीव -निर्जीव

(क) गरमी - -------

(ख) गन्दा - -------

(ग) कम - --------

(घ) जीवन - --------------

4. सही श ब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए (4x ½ = 2)

उदाहरण :-

मेरा शरीर हाड-माँस का नहीं <u>बल्कि</u> लोहा-इस्पात और प्लास्टिक का बना है | (बल्कि / या)

(क) वेणु सातवीं कक्षा में पढ़ता है ------ उसकी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है | (और/ फिर)

(ख) पहले खाना खा लो ------- पढ़ना | (लेकिन /फिर)

(ग) तुम्हे घूमना पसंद है ------ खेलना ? (किन्तु / या)

(घ) छाता लेकर जाओ --------- भीग जाओगे | (फिर / वरना)

5. इन शब्दों के सामान अर्थ वाले शब्द लिखो | (4x ½ =2)

(क) धरती --------

(ख) चिड़िया -------

(ग) पेड़ -------

(घ) दुनिया -------

6. दिए गए शब्दों में सही अक्षर भरे (4x ½ =2)

(स ,ष श)

(क) वि - य (ख) साह -- (ग) ------ टकोण (घ) वि ----

7. सही शब्द भरो - (4x ½ =2)

(क) साहित्य की दृष्टि से भारत का ------------- महान है | (अतीत/ भूगोल)

(ख) पुस्तकालय के तीन विभागों को जलाकर ------ कर दिया गया | (गर्म/ राख)

(ग) उसे किताबों सहित --------- में दफना दिया गया | (जमीन / आकाश)

(घ) कागज़ ही जलता है, --------- तो उड़ जाते हैं | (शब्द / पांडुलिपियाँ)

8. उदाहरण के अनुसार -पढ़ो , समझो और करो | (4x ½ =2)

उदाहरण - इतिहास - इतिहासकार

(क) मूर्ति -- ---------

(ख) संगीत - ----------

(ग) रचना - ---------

(घ) शिल्प - -----------